REPUBLIC DAY CELEBRATION 2023

So much diversity but united by strong bonds of shared emotions. That's the idea of India that every Indian is proud of, which connects us all and makes us one.

Republic Day was celebrated on 26th January 2023 with full enthusiasm & patriotism at St. Montfort School, Bhopal in its campus. On this occasion, all the students, teachers and the entire school staff were present The Principal of the school, Rev. Bro. Monachan K.K. was the Chief Guest of the occasion who hoisted the National Flag. After the hoisting of the flag, the students performed a beautiful march past on the tune of the band. The presentation of the patriotic song by the students of classes 6 to 11 after the march past filled the atmosphere with patriotism.

In this sequence, the children of class I and II presented a beautiful patriotic dance. Taking the program forward with rhythm & melody, the students of classes 3 to 5 presented a patriotic dance and also presented a beautiful melodious patriotic song. To give more grandeur to the program, students from classes 6 to 11 presented a patriotic dance as the grand finale of the programme.

The audience applauded cheerfully and the ambience became pleasant. The chief guest in his addressal wished all the students, a very bright & promising future and inspired them to maintain respect for the country. He also congratulated the students for preparing a wonderful program. As per the school tradition, every year the best class award was given in the form of a trophy to the classes which performed their best throughout the year. Also the students of Scout & Guide and other award winner of different field who made the school proud, were honoured & felicitated by the Principal of the school. The entire program was truly celebrated with patriotic fervour. Towards the end of the program, the Assistant Head Boy of the Student Council expressed his gratitude through the vote of thanks.

By Mr. Krishna Kapil

गणतंत्र दिवस उत्सव 2022 - 23

गर हो जन्म दोबारा भारत वतन मिले ।
फिर से वही हिमालय गंगो चमन मिले ।

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर उत्साह से भरे सभी छात्र -छात्राएं शिक्षक गण एवं समस्त विद्यालय परिवार विद्यालय प्रांगण में उपस्थित था ।विद्यालय प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।ध्वजारोहण के बाद छात्र -छात्राओं ने मार्च पास्ट का सुंदर प्रदर्शन किया |बैंड की धुन पर सभी छात्र- छात्राओं के एक साथ उठते कदम बहुत सुंदर दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे ।देशभक्ति से भरे हुए मार्च पास्ट के पश्चात देशभक्ति गीत की प्रस्तुति ने एक सुंदर समां बांध दिया था ।यह गीत कक्षा 6 से 11 तक के छात्र छात्राओं के द्वारा तैयार किया गया था । देशभक्ति का जज्बा केवल बड़ों में ही नहीं छोटे बच्चों में भी उसका उत्साह देखते ही बनता है इसी क्रम में कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने सुंदर देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम को लय -ताल के साथ आगे बढ़ाते हुए कक्षा 3 से 5 तक के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया तथा एक सुंदर सुरीले देशभक्ति गीत की भी लाजवाब प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम को और भव्यता देने के लिए कक्षा 6 से 11 तक के छात्र छात्राओं ने ग्रैंड फिनाले के रूप में देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया |इस नृत्य ने उपस्थित दर्शकों की तालियां बटोरी ,तथा माहौल खुशनुमा हो गया |

भारतीय परंपरा के अनुसार कोई भी कार्यक्रम बड़ों के आशीर्वाद के बिना अधूरा माना जाता है इसी श्रृंखला में प्राचार्य महोदय ने अपने अभिभाषण में सभी छात्र- छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा देश के प्रति सम्मान बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई दी । प्रतिवर्षानुसार इस बार भी पूरे वर्ष भर अपना उत्तम प्रदर्शन करने वाली कक्षाओं को "बेस्ट क्लास "का पुरस्कार एक ट्रॉफी के रूप में दिया गया । पारितोषिक वितरण की श्रृंखला में स्काउट एवं गाइड को भी प्राचार्य जी द्वारा अवार्ड दिया गया जिन्होंने वर्तमान में राजस्थान जम्बूरी में भाग लेकर मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु जी का कलर पार्टी द्वारा सम्मान किया था । साथ ही सेन्ट फोर्ट स्कूल को फाइव स्टार रेटेड स्कूल का अवार्ड दिया गया था। उसी उपलब्धि के चलते सभी पुस्कारित कक्षा के शिक्षकों के द्वारा वह अवार्ड विद्यालय प्राचार्य को दिया गया । संपूर्ण कार्यक्रम उल्लासमय वातावरण में देशभक्ति से परिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के अंत में छात्र परिषद के असिस्टेंट हेड बॉय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया ।

श्रीमती मीना शर्मा